दिनांक 3 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

1 फरवरी के मध्य विदेश यात्रा से वापस लौटने वाले निवासियों का किया जा रहा है सर्वेक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 1 फरवरी 2020 के मध्य विदेश यात्रा से लौटे सभी निवासियों का सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है एवं आवश्यकता पड़ने पर इनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा! कोविड- 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए गए है! निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में ऐसे नागरिकों के सर्वेक्षण करने के लिए उपायुक्त अशोक द्विवेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है! नोडल अधिकारी ने वार्ड के मितानिन को इस सर्वेक्षण कार्य के लिए नियुक्त किया है! प्रारंभिक तौर से ही निगम द्वारा विदेशों से यात्रा करके आए हुए नागरिकों पर नजर रखी जा रही थी परंतु अब ऐसे नागरिकों का सर्वेक्षण घर घर जाकर किया जाएगा! इस कार्य में सहयोग के लिए जोन आयुक्त को संबंधित जोन का क्षेत्र प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है इसके साथ ही सहयोगी कर्मचारियों की भी नियुक्ति की गई है ताकि तय समय पर सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया जा सके! सर्वेक्षण में नियुक्त मितानिन द्वारा 1 फरवरी के मध्य विदेश यात्रा कर लौटे हुए नागरिकों का नाम, पता, उम्र कौन से देश से यात्रा करके आए हैं इत्यादि की जानकारी एकत्रित की जाएगी! विदेश यात्रा से लौटे ऐसे नागरिकों से भी यह अपील है कि मितानिन के द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण कार्यों में उनका पूर्ण सहयोग प्रदान करें!

जनसंपर्क अधिकारी